RNI No.: UPHIN/25/A1697
GARVI GUJARAT
# गरवी गुजरात
गरवी गुजरात
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक
वर्ष : 01
अंक : 155
दि. 04.10.2025,
शनिवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा
EDITOR : ASHWANI KUMAR Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.
Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in



## संक्षिप्त समाचार

### बाइक से कारें भारी क्यों? राहुल गांधी ने ऐसा क्यों कहा, बीजेपी ने ले ली चुटकी



कोलंबिया में एक सेमिनार हॉल में राहुल गांधी द्वारा दिए गए एक बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। कांग्रेस नेता ने बाइक और कार के वजन को लेकर एक सवाल उठाया, जिसका जवाब उन्होंने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और इंजनों की संरचना के संदर्भ में दिया।

इस बयान को बीजेपी नेताओं ने मजाक के रूप में पेश किया। दरअसल, EIA यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने पूछा, "एक मोटरसाइकिल का वजन लगभग 100 किलो होता है, जबकि एक कार का वजन 3,000 किलो क्यों होता है?"

# प्रधानमंत्री मोदी नई दिल्ली से 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की युवा-केंद्रित पहलों का अनावरण करेंगे

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली से 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का अनावरण करेंगे। इन पहलों के माध्यम से देशभर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को निर्णायक बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम का एक अंग कौशल दीक्षांत समारोह भी होगा, जो प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप आयोजित राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह का चौथा संस्करण है। इसके तहत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 46 अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र-प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (अपग्रेडेड आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में देशभर में 1,000 सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं।




प्रधानमंत्री 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का उद्घाटन करेंगे। ये प्रयोगशालाएं दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों सहित, सूचना-प्रौद्योगिकी, ऑटोमोटिव, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसद और पर्यटन जैसे 12 उच्च-मांग वाले क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप, इस परियोजना में उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करने और रोजगार के लिए प्रारंभिक आधार तैयार करने हेतु 1,200 व्यावसायिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करना भी शामिल है। इन पहलों से भारत के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसरों के सृजन की आशा है।

# यूपी सरकार ने गन्ना नीति 2025-26 में किए बड़े बदलाव, लघु और महिला किसानों को मिलेगी प्राथमिकता

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 के लिए नई गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी है. इसे पूरी तरह किसान हितैषी बताया जा रहा है. इस नीति में खासतौर पर लघु कृषकों और महिला किसानों को प्राथमिकता दी गई है ताकि छोटे किसानों को अधिक सुविधा और सीधा लाभ मिल सके.

नई नीति के अनुसार, समिति के नए कृषक सदस्यों को पहली बार बड़ी राहत दी गई है. उन्हें गन्ना आपूर्ति का लाभ उनकी चीनी मिल की औसत गन्ना आपूर्ति अथवा जिले की उत्पादकता का 70% तक मिलेगा. प्रदेश में हर साल लगभग दो लाख नए किसान समिति में जुड़ते हैं और यह बदलाव सीधे तौर पर उनके लिए फायदेमंद साबित होगा.

छोटे और महिला किसानों के लिए राहत

नीति में लघु महिला कृषकों और अति लघु किसानों को विशेष प्राथमिकता दी गई है.



छोटे किसान (81 क्विंटल सट्टा धारक): इन्हें पेड़ी गन्ने की पर्चियां 1 से 3 पक्ष में और पौधा गन्ने की पर्चियां 7 से 9 पक्ष में दी जाएंगी. इससे लगभग 13.12 लाख किसान लाभान्वित होंगे.

अति लघु किसान (36 क्विंटल या 4 पर्ची) व लघु महिला कृषक (81 क्विंटल या 9 पची): इन्हें शत-प्रतिशत पेड़ी गन्ने की पर्चियां प्रारंभिक पक्षों में मिलेंगी. इस निर्णय से करीब 3.75 लाख अति लघु किसान और 6268 महिला कृषक सीधे लाभान्वित होंगे.

नई सुविधाएं और तकनीकी बढ़ावा

पहली बार यांत्रिक हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया गया है. जो किसान इस सुविधा का इस्तेमाल करेंगे, उन्हें पारिवारिक कैलेंडर की सुविधा दी जाएगी. इससे मजदूरों की कमी की समस्या काफी हद तक कम होगी. साथ ही, 2024-25 में ही गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों का कोटा औसत आपूर्ति या उस वर्ष की आपूर्ति (जो अधिक हो) के आधार पर तय होगा.

# जुबीन गर्गको जबरन यॉट पार्टी में ले जाया गया', पत्नी गरिमा का दावा -सिंगापुर का लाजरस द्वीप वाकई भूतिया?

(जीएनएस)।

असम के सांस्कृतिक प्रतीक और 'असम की आवाज' जुबीन गर्ग की 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर के लाजरस द्वीप पर डूबने से मौत ने न सिर्फ पूर्वोत्तर को शोक में डुबो दिया, बल्कि रहस्यों की एक चादर भी ओढ़ ली। जुबीन की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने सिंगापुर पुलिस की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को चुनौती देते हुए गंभीर सवाल उठाए हैं।



उनका दावा है कि जुबीन को जबरन यॉट पार्टी में ले जाया गया, जबकि उनकी मेडिकल हिस्ट्री को जानने के बावजूद कोई सावधानी नहीं बरती गई। साथ ही, गरिमा ने द्वीप को 'भूतिया' बताते हुए पूछा - आखिर जुबीन को ऐसी जगह क्यों ले जाया गया? यह विवाद जुबीन की मौत के 14 दिन बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा, और प्रशंसकों ने गूगल मैप्स पर द्वीप का नाम 'जुबीन गर्ग द्वीप' बदलकर भावुक श्रद्धांजलि दी है। आइए, इस दुखद घटना, गरिमा के दावों और लाजरस द्वीप के रहस्यमयी इतिहास को विस्तार से समझते हैं...

52 वर्षीय जुबीन गर्ग सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (NEIF) में हिस्सा लेने गए थे, जो भारत-सिंगापुर के 60 वर्षों के राजनयिक संबंधों का हिस्सा था। 19 सितंबर को वे सेंट जॉन्स द्वीप (जो लाजरस द्वीप का हिस्सा है) के पास यॉट पर दोस्तों के साथ नौका विहार कर रहे थे।

गरिमा के अनुसार, जुबीन ने पहली बार लाइफ जैकेट पहनकर तैराकी की और सुरक्षित लौट आए। लेकिन दूसरी बार वे बिना जैकेट के पानी में उतरे, और अचानक दौरा पड़ने से बेहोश होकर डूब गए। सिंगापुर पुलिस ने उन्हें समुद्र से निकालकर सिंगापुर जनरल हॉस्पिटल ले जाया, लेकिन दोपहर 2:30 बजे (IST) तक डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।

सिंगापुर पुलिस की पहली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण 'डूबना' बताया गया, और फाउल प्ले से इनकार किया।

### पूर्णिया में वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से 4 की मौत, सीएम नीतीश ने जताया दुख, 4 लाख मुआवजा

बिहार के पूर्णिया जिले में शुक्रवार, 3 अक्टूबर को वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे पर सीएम नीतीश कुमार ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "पूर्णिया जंक्शन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 4 लोगों की मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में घायल व्यक्ति के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है।" प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिवार को प्रत्येक को 4 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। इस घटना से पूरे सीमांचल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# भोजपुरी सिनेमा के पावरस्टार और गायक-अभिनेता पवन सिंह ने छुए उपेंद्र कुशवाहा के पैर तो भड़क उठे फैंस, अभिनेता ने संस्कारों पर दी सफाई

(जीएनएस)।

भोजपुरी सिनेमा के पावरस्टार और गायक-अभिनेता पवन सिंह की 16 महीने बाद भारतीय जनता पार्टी (इखढ) में घर वापसी हुई है। इस घटना ने बिहार की सियासत में नई हलचल मचा दी है। इस बीच उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें पवन सिंह राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (फ्छरढ) के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के पैर लेते नजर आ रहे हैं।

जैसे ही ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई फैंस और उनके चाहने वाले इस को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें करने लगे।

कई लोगों ने इसे अभिनेता के आत्मसम्मान से जोड़कर सवाल उठाए तो किसी ने राजनीतिक लाभ लेने की बात कह दी। अब ट्रोलिंग के बीच पॉवर स्टार ने एक पोस्ट शेयर करते हुए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है।

पवन सिंह ने दी सफाई - 'यह मेरे संस्कार हैं'

उपेंद्र कुशवाहा के पैर छूने वाली तस्वीर सामने आते ही पवन सिंह को सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। कई यूजर्स ने लिखा कि "पवन सिंह ने राजनीति के लिए अपना आत्मसम्मान गिरा दिया।" वहीं, कुछ ने इसे बिहार की सियासत



में नए समीकरणों का संकेत बताया।

लगातार मिल रही ट्रोलिंग के बीच पवन सिंह ने शुक्रवार, 3 अक्टूबर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर इस पर सफाई दी। उन्होंने अपनी एक फोटो साझा करते हुए लिखा -"मेरे लिए इंसानियत मायने रखती है। अगर मेरे से बड़ा कोई मेरे सामने खड़ा है और मैंने उनको प्रणाम कर लिया तो क्या उसको झुकना बोलते हैं? अगर ऐसा है तो ठीक है ये मेरे संस्कार हैं। जय माता दी।"

पवन सिंह के इस पोस्ट से साफ है कि उन्होंने अपने इस कदम को राजनीति से जोड़ने की बजाय इसे व्यक्तिगत संस्कार और आदर का भाव बताया है।

बीजेपी में वापसी पर सियासी हलचल तेज

गौरतलब है कि हाल ही में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पवन सिंह ने दिल्ली में उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की थी। इस मुलाकात को बिहार की राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी पवन सिंह की लोकप्रियता को चुनावी रणनीति में इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है।

पत्नी से विवाद पर भी रहे सुर्खियों में

सियासत और फिल्मों के अलावा पवन सिंह अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। उनकी पत्नी ज्योति सिंह के साथ विवाद जगजाहिर है। ऐसे में पवन सिंह का हर कदम अब मीडिया और पब्लिक की नजर में बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि पवन सिंह का बीजेपी में शामिल होना और उनकी उपेंद्र कुशवाहा से नजदीकियां आने वाले समय में बिहार की सियासत में नए समीकरण बना सकती हैं। भोजपुरी बेल्ट में पवन सिंह की बड़ी फैन फॉलोइंग है, और यही वजह है कि उनके राजनीतिक कदम को पार्टियां चुनावी दृष्टि से अहम मान रही हैं।

### भोजपुरी स्टार खेसारी यादव लाल की पत्नी चंदा देवी लड़ेंगी चुनाव

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का रंग अब और चटख हो गया है। इस बार मुकाबला सिर्फ सियासी दलों का नहीं बल्कि भोजपुरी सिनेमा के दो



सबसे बड़े सितारों-खेसारी लाल यादव और पवन सिंह-का भी दिखने लगा है। जहां एक ओर पवन सिंह बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं अब खबर है कि खेसारी लाल यादव की पत्नी चंदा देवी मांझी विधानसभा सीट से राजद (फखऊ) की प्रत्याशी हो सकती हैं। ऐसे में इस सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है।

# 2 साल से छोटे बच्चों को न दें कफ सिरप, केंद्र ने सभी राज्यों के लिए जारी की चेतावनी

(जीएनएस)।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप पीने से अब तक 11 बच्चों की मौत के मामले ने देश को चौंका दिया है। हालांकि शुक्रवार, 3 अक्टूबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये स्पष्ट किया की सिरप में किसी भी तरह के घातक केमिकल का सैंपल नहीं मिला है।

इसी के साथ ही केंद्र सरकार ने, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बच्चों में खांसी और जुकाम की दवाओं के उपयोग को लेकर सतर्क रहने का आदेश जारी किया है। सरकार ने विशेष रूप से दो साल से कम उम्र के बच्चों में इन दवाओं के सेवन पर रोक लगाने और उन्हें प्रिस्क्राइब करने से परहेज करने को कहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी एडवाइजरी में कहा, "ये दवाएं आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुशंसित नहीं हैं। पांच साल से अधिक उम्र के बच्चों में भी इनका उपयोग केवल सावधानीपूर्वक



क्लीनिकल निगरानी के पालन के बाद ही किया जाना चाहिए।"

कफ सिरप से मौत का क्या है पूरा मामला?

इस कदम के पीछे मध्य प्रदेश और राजस्थान में खांसी की दवाओं के सेवन से हुई कम से कम 11 बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। मौतों में मुख्य रूप से किडनी संबंधित जटिलताएं सामने आई हैं। केंद्र ने मृत बच्चों के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए एक जॉइंट टीम बनाई, जिसमें नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (NCDC), नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) के प्रतिनिधि शामिल थे।

टीम ने विभिन्न खांसी की दवाओं के सैंपल लिए और जांच की। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, "जांच रिपोर्ट में पाया गया कि किसी भी सैंपल में डायथीलीन ग्लाइकोल (DEG) या एथिलीन ग्लाइकोल (EG) नहीं था, जो गंभीर किडनी चोट का कारण बन सकते हैं।"

# उ0प्र0 पुलिस रेडियो का 84वां स्थापना दिवस : यूपी पुलिस रेडियो ने मनाया उत्सव, नई तकनीक और आत्मनिर्भरता पर जोर

लखनऊ। (जीएनएस)।

उ0प्र0 पुलिस रेडियो का 84वां स्थापना दिवस शुक्रवार को पारंपरिक सादगी एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महानिरीक्षक, उपमहानिरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने पुलिस संचार व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व आधुनिक बनाने की दिशा में अपने विचार प्रस्तुत किए।






अधिकारियों ने कहा कि विभाग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से प्रेरणा लेकर नई तकनीकी के प्रयोग, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा बौद्धिक संपदा के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। साथ ही उच्चाधिकारियों की अपेक्षाओं के अनुरूप पुलिस प्रणाली में दक्षता, आत्मनिर्भरता और गुणवत्तापूर्ण कार्य शैली को अपनाना ही विभाग की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि 'ई-ऑफिस', 'मानव संपदा पोर्टल' और ऋड्ढळ पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का संचालन अल्प अवधि में शत-प्रतिशत सफलतापूर्वक किया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा माननीय प्रधानमंत्री के 'पंच-प्रण' को देशहित में महत्वपूर्ण बताते हुए उनके अनुपालन पर विशेष बल दिया गया।

इससे पूर्व रेडियो मुख्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री आशुतोष पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यशाला में मुख्यालय में नियुक्त निदेशक, दूरसंचार, उपमहानिरीक्षकगण, बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए, जबकि प्रदेश के सभी 75 कमिश्नरेट/जनपदों से अधिकारियों और कर्मचारियों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया।



# सम्पादकीय

## राष्ट्रीय हितों के लिये

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना दिवस को हर वर्ष मनाता है, इस वर्ष यह सौवां स्थापना दिवस मना रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उपस्थित स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने भारत के पड़ोसी देशों में हो रही उथल-पुथल और अशांति की घटनाओं पर बोलते हुए कहा कि इस तरीके से सत्ता परिवर्तन करने से कभी किसी का फायदा नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में नेपाल में जेन-जेड आंदोलन हुआ और इसके पहले श्रीलंका एवं बांग्लादेश में भी सत्ता परिवर्तन की घटनाएं हो चुकी हैं।

दरअसल संघ प्रमुख हिसक प्रदर्शन के खिलाफ हैं किन्तु उन्होंने यह भी कहा कि इन प्रदर्शनों से फायदे नहीं हुए। उन्होंने इतिहास की भी बात करते हुए यह भी कहा कि किसी क्रांति ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं किया। उन्होंने उदाहरण दिया कि फ्रांस के राज्य क्रांति का। उन्होंने उदाहरण दिया नेपोलियन बोनापार्ट का जो राजा तो बन गया किन्तु राज्य तंत्र कायम रहा। संघ प्रमुख का मानना है कि ऐसे हिसक प्रदर्शनों से देश की बाहरी ताकतों को लाभ होता है। संघ प्रमुख की यह चिन्ता भी महत्वपूर्ण है कि जिन पड़ोसी देशों पहले श्रीलंका, बांग्लादेश और बाद में नेपाल में हिसक प्रदर्शन हुए वे सभी हमारे जैसे हैं, ये हमसे दूर नहीं, ये हमारे अपने हैं। इस प्रकार की अस्थिरता होना, वह आत्मीयता के संबंध के चलते चिन्ता का विषय है।

सच तो यह है कि संघ प्रमुख की पड़ोसी देशों के प्रति संवेदना का कोई मतलब नहीं है। जिन तीन देशों का उल्लेख उन्होंने किया है, वहां पर सत्ता परिवर्तन के एक निश्चित और कामन कारण नहीं है। श्रीलंका में राजपक्षे सरकार आकंठ भ्रष्टाचार से डूबी हुई सरकार थी। उसका राजकोष चीन का कर्ज देने में ही खर्च हो जाता था, बाकी प्रथम परिवार जिसके बड़े भाई प्रधानमंत्री और छोटे भाई राष्ट्रपति थे तथा सबसे छोटे भाई वित्त मंत्री थे, सभी मिलकर देश को खोखला कर चुके थे। किन्तु हिसक आंदोलन के बाद रानिल विक्रमसिघे ने बहुत संयम, समझदारी और समन्वय से देश की आर्थिक स्थिति को संभाला। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ और आजकल देश में राजनीतिक स्थिरता भी है और आर्थिक संकट से मुक्ति भी मिल गई है।

रही बात बांग्लादेश की तो वहां की स्थिति अलग है। वहां पर आईएसआई ने अमेरिका के डीप स्टेट से मिलकर खेल खेला जिसमें कुछ कारपोरेट और खुफिया तंत्र शामिल हैं। तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की गलती मात्र यह है कि वह समय रहते अपने देश में हिसक आंदोलन की परिणति का अनुमान नहीं लगा सकीं।

नेपाल में जो वुछ हुआ उसके लिए भी वहां की सरकार ही जिम्मेदार है। आम जनता की भावनाओं से कटी केपी शर्मा ओली की सरकार भ्रष्टाचार, भ्रम और राष्ट्रीय हितों के प्रतिवूल सब वुछ कर रही थी जिससे पूरा देश असंतुष्ट था।

संघ प्रमुख की यह बात सही है कि ये जितने भी राष्ट्र हिसक आंदोलन के शिकार हुए हैं, सभी हमारे अपने हैं किन्तु वास्तविकता तो यह है कि ये सभी अवसरवादी हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहते शेख हसीना ने भारत विरोधी आतंकियों को खत्म करके नई दिल्ली से मिलकर काम किया, इसलिए भारत सरकार आज भी उनका समर्थन करती है किन्तु श्रीलंका ने तो चीन से मिलकर वह सब वुछ उसके साथ समझौते किए जो भारतीय सुरक्षा के विपरीत था। फिर भी भारत श्रीलंका को उसके संकट काल में अकेले मददगार साबित हुआ। यहां तक कि विश्व समुदाय एवं अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से त्रण दिलाने में भी श्रीलंका की मदद की।

बहरहाल संघ प्रमुख की चिन्ता बिल्वुल सही है कि पड़ोसी देशों में हिसक आंदोलन और सत्ता परिवर्तन नहीं होना चाहिए था किन्तु सभी देशों के लिए उनका आशय सही नहीं है। भारत जैसे विशाल देश में यदि भ्रष्टाचार की घटनाओं को मुद्दा बनाकर सरकारें बदली जा सकती हैं तो इन छोटे देशों को इस बात का एहसास क्यों नहीं होता कि आज सोशल मीडिया के युग में हमेशा सजग रहने की जरूरत है।

# गांधीनगर में भूमि प्रशासन और आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

भूमि प्रशासन और आपदा प्रबंधन का राष्ट्रीय सम्मेलन सुशासन के साथ-साथ सतत विकास, आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय की आवश्यकता के अनुरूप है : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल

- देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन कार्य से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी हुए सहभागी
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए मुख्यमंत्री की प्रेरक उपस्थिति में प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू पर हुए हस्ताक्षर
- घुमंतू जातियों के परिवारों को स्वामित्व कार्ड, सुरक्षा किट और आवासीय भूखंड के सनद वितरित किए गए

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल :-

- भूमि हमारी सभ्यता का आधार, अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसानों की आजीविका और उद्योग-व्यापार के निवेशों तथा लोगों के अधिकार का प्रमाण है
- पारदर्शी और विश्वसनीय प्रशासन के लिए आई-ओआरए और जीएआरवीआई (गरवी) 2.0 जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म परिणामकारी सिद्ध हुए, जिससे राजस्व की जटिल और उलझन भरी प्रक्रियाओं को जनाभिमुख दृष्टिकोण से आसान बनाने में मदद मिली
- गुजरात ने श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 2005 में ई-धरा योजना के माध्यम से किसानों के भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण करने की अनोखी पहल की
- गुजरात ने तूफान, बरसात और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना जीरो कैजुअल्टी के साथ करने की क्षमता विकसित की है
- प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में नागरिक-केंद्रित शासन से गुजरात देश के विकास का रोल मॉडल और ग्रोथ इंजन बना

गांधीनगर, (जीएनएस)।: मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि हमारी भूमि सभ्यता का आधार और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इतना ही नहीं, भूमि किसानों की आजीविका, उद्योग-व्यापार के निवेशों और लोगों के अधिकार का प्रमाण भी है।

उन्होंने कहा कि इस प्रमाण को त्रुटिहीन और सुगम बनाने की प्राथमिकता सुनिश्चित करने के लिए



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) उपयुक्त बना है।

मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को गांधीनगर में भूमि प्रशासन और आपदा प्रबंधन पर शुरू हुए दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कही।

उन्होंने इस अवसर पर नए राजस्व कार्यालयों और आवासीय भवनों का उद्घाटन, नई योजनाओं का प्रदर्शन, राजस्व डायरी का विमोचन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर और घुमंतू जातियों के परिवारों को स्वामित्व कार्ड, सुरक्षा किट एवं आवासीय भूखंड की सनद का वितरण भी किया।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग तथा गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

इस सम्मेलन में नागरिक-केंद्रित शासन के लिए राजस्व कानूनों का आधुनिकीकरण, भूमि अभिलेख और पंजीकरण प्रणालियों का उन्नयन, शहरी भूमि अभिलेखों का निर्माण और अद्यतनीकरण, राजस्व न्यायालयों के मामलों का पुनर्गठन, पुनः सर्वेक्षण प्रयास और भूमि अधिग्रहण, आपदा प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य, आधुनिक भूमि प्रशासन के लिए मानव संसाधन नियोजन जैसे विभिन्न विषयों पर महानुभावों द्वारा पैनल चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आयोजित किए जा रहे इस राष्ट्रीय सम्मेलन को सुशासन के साथ-साथ सतत विकास, आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय की आवश्यकता के अनुरूप सम्मेलन करार दिया।

उन्होंने गुजरात को पिछले 24 वर्षों से लगातार मिल रहे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व के लाभ का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी ने विशिष्ट पहल करते हुए 2005 में ई-धरा योजना के जरिए किसानो की भूमि के अभिलेखों का डिजिटलीकरण शुरू किया था।

मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में कहा कि जब देश के अन्य राज्यों में किसानों को अपनी भूमि के अभिलेखों के विवरण के लिए सरकारी कार्यालयों के धक्के खाने खाने पड़ते थे, तब गुजरात ने श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से भूमि अभिलेखों को डिजिटली उपलब्ध कराने की शुरूआत कर दी थी। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे नागरिक-केंद्रित सुशासन को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री की ही प्रेरणा और मार्गदर्शन से गुजरात ने 2011 में राज्य भर में जनसेवा केंद्र शुरू किए।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने राङ्ग

# पांच वजहें क्यों कलर्स का 'धाकड़ बीरा' एक रोमांटिक ट्विस्ट के साथ फिर आपका दिल चुरा लेगा

बारह साल बाद, भाई-बहन की कहानी हमेशा के लिए बदलने वाली है, और एक अप्रत्याशित मोड़ लेने वाली है! कलर्स का 'धाकड़ बीरा' एक निडर छलांग लगाता है, जहां बीते कल के रिश्ते आज की चुनौतियों की आग में परखे जाएंगे और जुड़ेंगे रोमांस के रंग। सम्राट (अब गौरव बजाज द्वारा निभाया गया किरदार) एक छोटे रक्षक से योद्धा बन गया है, जो बलिदान की चोटों से भरा है। वहीं किशमिश (निक्की शर्मा) एक साहसी शक्ति के रूप में उभर रही है, जो उन सभी बंधनों को तोड़ने के लिए तैयार है, जिन्होंने उसे रोके रखा था। इस पीरियड लीप के साथ, ये किरदार एक नए और अनजाने सफर में कदम रखते हैं, जहां रिश्ते परखे जाएंगे, नए किरदार आएंगे जो कहानी को मोड़ देंगे और हर फैसला अपनी कीमत लेकर आएगा। जैसे-जैसे दुश्मन करीब आते हैं और वफादारियां टूटती हैं, यह ड्रामा एक नए दौर में प्रवेश करता है— जहां विस्फोटक टकराव और अविस्मरणीय फैसले आपका इंतजार कर रहे हैं।

यहाँ हैं पाँच दमदार वजहें, जिनकी वजह से यह पोस्ट-लीप ड्रामा आपकी वॉचलिस्ट में सबसे ऊपर होना चाहिए—

1. खलनायकों की भिड़ंत!

जब रक्षंदा खान और मनीष खन्ना एक ही फ्रेम में आते हैं, तो धमाका होना तय है। रक्षंदा लोहे की मुट्ठी यानी ताकत से राज करती हैं और मनीष अपनी पुरानी सोच पर अडिग रहते हैं। साथ में दोनों टीवी पर सबसे विस्फोटक खलनायक बनाम खलनायक की टक्कर पेश कर रहे हैं। यह सिर्फ ताकत की जंग नहीं, बल्कि अहंकार, अस्तित्व और शुद्ध नाटकीय तीव्रता का युद्ध है।

2. बागी अदाओं वाली वापसी झ नेहा राणा कलर्स पर लौट आईं

कलर्स के 'मेघा बरसेंगे' और 'जुनूनियत' की चहेती स्टार नेहा राणा धमाकेदार वापसी कर रही हैं! वह करिश्मा के जबरदस्त धमाकेदार रोल में दिखेंगी, जो समाज की परंपराओं को ऐसे हिलाएगी, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। बस इतना समझ लीजिए, नियम टूटेंगे, सीमाएं पार होंगी



और एक ऐसा तूफान उठेगा, जो सब कुछ बदल देगा। इस लड़की की बगावत अभी शुरू ही हुई है।

3. रक्षक या कैदी?

लीप के बाद सम्राट का सफर विरोधाभासों से भरा है। कभी वह अपनी छोटी बहन की ढाल था, लेकिन अब 25 साल का यह नौजवान जिम्मेदारियों से कठोर हो चुका है और बलिदान से घायल। उसने एक छोटे गैराज से साम्राज्य खड़ा किया, चारों ओर से आ रहे दुश्मनों से लड़ा, लेकिन अब ऐसे फैसलों में फंसा है, जो उसने कभी नहीं चाहे। वह जेन जी का हीरो है, जिसके लिए प्यार एक लग्जरी है और जिंदा रहना ही सबसे बड़ी जंग।

4. योद्धा बहन, परछाई नहीं

किशमिश अब वह मासूम बच्ची नहीं रही, जिसे दर्शक याद करते हैं। अब वह 18 साल की है—मजबूत, जिंदादिल और अपनी पहचान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित। उसके भाई के हर जख्म उसकी ताकत को और बढ़ाते हैं, ताकि वह बड़े सपने देख सके, और कड़ी लड़ाई लड़ सके, जिससे भाई को वह जीवन लौटा सके, जो उसने उसके लिए खोया। यह छलांग उसके बदलाव की निशानी है—'प्रोटेक्टेड' से 'अनस्टॉपेबल' तक—और उसका सफर जितना भावुक है, उतना ही प्रचंड भी।

5. दिमाग हिला देने वाले लीप के बाद के रहस्य

लीप के बाद की दुनिया का हर कोना ऐसे रहस्य छिपाए है, जो कभी भी फट सकते हैं। झूठ पर टिके रिश्ते, छिपे एजेंडा से खिंचे रिश्ते—कुछ भी वैसा नहीं है, जैसा दिखता है। नए किरदार नई आंधियां लाते हैं, पुराने रिश्ते दुश्मनी में बदल जाते हैं और वफादारियां तब तक परखी जाती हैं, जब तक वे टूट न जाएं। इस सीजन में एक खुलासा सब कुछ उलट सकता है और सच किसी भी दुश्मन से ज्यादा खतरनाक है। 'धाकड़ बीरा' देखना न भूलें, हर दिन शाम 7:00 बजे, सिर्फ कलर्स पर

# '5 अक्टूबर तक समझौता हो जाना चाहिए, वरना नर्क जैसा कहर झेलें', गाजा युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हमास को चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए हमास को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि वॉशिंगटन डीसी समयानुसार रविवार शाम 6 बजे (ईटी) तक हमास को शांति समझौते पर सहमत होना होगा, वरना समूह को 'पहले कभी न देखा गया नर्क जैसा कहर' झेलना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डेडलाइन मिस हुई, तो 'सब कुछ बर्बाद हो जाएगा' और हमास के बचे-खुचे लड़ाकों की जान भी खतरे में पड़ जाएगी।

ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, 'हर देश ने इस 20-सूत्री योजना पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अगर यह आखिरी मौका चूक गया, तो हमास के खिलाफ ऐसा हमला होगा, जो इतिहास में कहीं नहीं देखा गया।' उन्होंने निर्दोष फिलिस्तीनियों से अपील की कि वे तुरंत गाजा के असुरक्षित इलाकों से सुरक्षित हिस्सों में चले जाएं, क्योंकि 'संभावित बड़ी मौत का खतरा मंडरा रहा है।' ट्रंप ने जोर देकर कहा, 'मध्य पूर्व में किसी न किसी तरह शांति होगी। हिंसा और रक्तपात अब रुकना चाहिए।'

ट्रंप की 20-सूत्री योजनाः युद्धविराम से पुनर्निर्माण तक



ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरूआत में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर यह योजना पेश की थी, जिसे व्हाइट हाउस ने 'ऐतिहासिक अवसर' बताया है। योजना के प्रमुख बिंदुः-

तत्काल युद्धविरामः इजरायल और हमास दोनों की सहमति पर फौरन फायरिंग बंद।

बंधक आदान-प्रदानः हमास को 72 घंटे के अंदर सभी बंधकों (जिंदा और मृत शवों सहित) को रिहा करना होगा। बदले में इजरायल 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद गिरफ्तार फिलिस्तीनी कैदियों, महिलाओं और बच्चों को छोड़ेगा।

हमास का निरस्त्रीकरणः समूह को हथियार, सुरंगें और सैन्य ढांचा नष्ट करना होगा। हमास का गाजा में कोई शासन या सैन्य भूमिका नहीं रहेगी।

अस्थायी प्रशासनः गाजा का नियंत्रण एक अंतरराष्ट्रीय 'शांति बोर्ड' को सौंपा जाएगा, जिसके चेयरमैन ट्रंप खुद होंगे। इसमें पूर्व ब्रिटिश पीएम टोनी ब्लेयर जैसे प्रमुख व्यक्ति शामिल होंगे। यह बोर्ड मानवीय सहायता, पुनर्निर्माण (पानी, बिजली, अस्पताल, बेकरी) और विकास का समन्वय करेगा।

इजरायली वापसीः चरणबद्ध तरीके से इजरायली सेना पीछे हटेगी, साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल तैनात होगा।

आतंकवाद-मुक्त गाजाः योजना गाजा को 'आतंकवाद मुक्त क्षेत्र' में बदलने का लक्ष्य रखती है, जिसमें आर्थिक विकास और सहायता का विस्तार शामिल है। हमास सदस्यों को शांति का पालन करने पर माफी दी जा सकती है, और बाहर जाना चाहने वालों को सुरक्षित पैसेज मिलेगा।

ट्रंप ने कहा, 'इस समझौते से हमास के सभी बचे लड़ाकों की जान बच जाएगी। दस्तावेज का विवरण दुनिया जानती है, और यह सबके लिए फायदेमंद है!' योजना को सऊदी अरब, जॉर्डन, यूएई, कतर, मिस्र और तुर्की जैसे देशों ने स्वागत किया है, लेकिन फिलिस्तीनी अथॉरिटी ने इसे 'कब्जे को वैध बनाने' वाला बताया है।

हमास का रुखः विचाराधीन, लेकिन संशय बरकरार

हमास ने अभी तक योजना को आधिकारिक तौर पर खारिज या स्वीकार नहीं किया है। समूह के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे प्रमुख बदलावों की मांग कर रहे हैं, खासकर निरस्त्रीकरण और फिलिस्तीनी एकता को तोड़ने वाले प्रावधानों पर। हमास नेता ने कहा, 'यह योजना अपमान स्थापित करेगी और फलस्तीनी कारण को खत्म करने की कोशिश है।' दो साल के युद्ध में हमास ने हजारों लड़ाके खोए हैं, और 25,000 से ज्यादा 'सैनिक' मारे जा चुके हैं, जैसा ट्रंप ने दावा किया।

7 अक्टूबर 2023 का 'नरसंहार' और गाजा का संकट

यह चेतावनी 7 अक्टूबर 2023 को हमास के इजरायल पर हमले के दो साल बाद आई है, जिसमें 1,219 लोग मारे गए थे और 250 से ज्यादा बंधक बनाए गए। ट्रंप ने हमास को 'क्रूर और हिंसक खतरा' बताते हुए कहा कि उन्होंने 'शिशुओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों' को निशाना बनाया। जवाबी कार्रवाई में इजरायली हमलों से गाजा में 66,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए, ज्यादातर नागरिक। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भुखमरी और कुपोषण से 453 मौतें (150 बच्चे) हो चुकी हैं, और फलस्तीन के कुछ हिस्सों में अकाल घोषित है।

नेटन्याहू ने योजना का समर्थन किया है, लेकिन इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने उन्हें युद्ध अपराधों के लिए वांछित घोषित किया है। ट्रंप ने कहा, 'हमास या तो मान लेगा या 'बहुत दुखद अंत' होगा। बाकी हमास सदस्य घिरे हुए हैं, बस मेरा 'जाओ' का आदेश इंतजार कर रहे हैं।'

क्या होगा अगला कदम?

ट्रंप की यह समयसीमा (मध्य रात्रि गाजा समयानुसार) हमास पर दबाव बढ़ा रही है, जबकि कतर, मिस्र और तुर्की मध्यस्थता कर रहे हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप ही तय करेंगे कि कितना समय दिया जाए। फिलहाल, गाजा में इजरायली हमले जारी हैं, और 7,50,000 फिलिस्तीनी विस्थापित हो चुके हैं। मानवीय संगठनों ने चेतावनी दी है कि सहायता की कमी से भुखमरी बढ़ रही है।

# डाबर ओडोमोस ने शुरू किया विशाल अभियान मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री

**राम किशोर कान्वेंट इंटर कालेज में छात्रों को किया गया जागरूक**

**लोगों को डेंगु से बचने के लिए जागरूक कर रहा है ब्राण्ड**

लखनऊ। मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से शहर को बचाने के प्रयास में डाबर की ओर से भारत के सबसे पसंदीदा पर्सनल ऐप्लीकेशन मोस्क्युटो रेपेलेन्ट ब्राण्ड ओडोमास ने आज लखनऊ में एक विशाल अभियान मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत ओडोमोस टीम लोगों तक पहुंचेगी और उन्हें डेंगु के बारे में जानकारी देगा और बताएगी कि वे किस तरह मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से अपने आप को बचा सकते हैं। साथ ही अभियान के तहत लोगों को मुफ्त ओडोमोस मोस्क्युटो रेपेलेन्ट क्रीम भी बांटी जाएगी। अभियान के तहत डाबर ओडोमोस ने आज राम किशोर कॉन्वेंट इंटर कॉलेज, अभिषेकपुरम, साठ फिटा रोड, जानकीपुरम विस्तार के 150 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को मच्छर से होने वाले बीमारियो के बारे में जागरूक किया। ओडोमोस टीम सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस टर्मिनलों, रेलवे स्टेशनों पर जागरुकता सत्रों का आयोजन भी करेगा, जिनके जरिए लोगों को डेंगु से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस जागरूकता कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य सहित मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री पंकज तिवारी, श्री दिनेश कुमार, सीनियर मैनेजर, डाबर इंडिया लिमिटेड, कालेज के प्रबन्धक श्री जी.पी. शुक्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती बीना त्रिपाठी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हैड -होम केयर, श्री वैभव राठी ने कहा एक ब्राण्ड के रूप में ओडोमोस लोगों को डेंगु एवं मच्छरों से फैलने वाली अन्य बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है। अपने इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए हमने लोगों को डेंगु की रोकथाम के बारे में जागरुक बनाने के लिए इस सामाजिक अभियान की शुरूआत की है। क्योंकि



हाल ही के महीनों में डेंगु के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में जरूरी है कि लोगों को इससे बचाव के तरीकों के बारे में जागरुक बनाया जाए, ताकि वे अपने आप को डेंगु से सुरक्षित रख सकें। इस अभियान के तहत हम डेंगु और इससे बचने के तरीकों के बारे में जागरुकता बढ़ाएंगे। जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए श्री पंकज तिवारी ने कहा डेंगु फैलाने वाले मच्छर आमतौर पर दिन में काटते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा पर भी ध्यान दें। बच्चे चाहे घर से बाहर खेलने जाएं या घर के कमरे में रहें, उन्हें मच्छरों से बचाना बहुत जरूरी है। ओडोमास सबसे पसंदीदा पर्सनल ऐप्लीकेशन प्रोडक्ट है जो मच्छरों से संपूर्ण सुरक्षा प्रदान कर कई जानलेवा बीमारियां से बचाता है। दिन हो या रात, आप घर में हों या घर के बाहर, मच्छरां से बचने के लिए ओडोमास जरूर लगाएं।" श्री दिनेश कुमार, सीनियर मैनेजर, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, "डेंगु से बचने के लिए रोकथाम के उपायों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम लोगों को इसके बारे में जागरुक बनाना चाहते हैं ताकि वे डेंगु एवं मच्छरां से फैलने वाली अन्य बीमारियों से अपने आप को सुरक्षित रख सकें। मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री इसी दिशा में हमारा एक प्रयास है।"

# IWI Tavor राइफल कैसे बनी इंडियन फोर्सेज की पहली पसंद? एक मिनिट में दागती है इतनी गोलियां

(जीएनएस)।

भारत की विशिष्ट स्पेशल फोर्स यूनिट्स-मार्कोस (मरीन कमांडो), गरुड़ स्पेशल फोर्सेस और पैरा स्पेशल फोर्सेस-अपनी असाधारण दक्षता, कठोर प्रशिक्षण और राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं। ये यूनिट्स बेहतरीन हथियारों और टैक्टिकल वेपन्स से लैस हैं, जो उन्हें हाई रिस्क वाले ऑपरेशन्स को सटीकता से अंजाम देने में सक्षम बनाते हैं। उनके हथियारों के जखीरे में, IWI Tavor राइफल अपने डिजाइन, मल्टी टास्क और विश्वसनीयता के कारण एक पसंदीदा विकल्प के रूप में उभर कर सामने आती है।

Tavor राइफल और स्पेशल फोर्सेस

IWI Tavor राइफल भारत के स्पेशल फोर्सेस का पर्याय बन चुकी है। नौसेना की स्पेशल ऑपरेशन यूनिट मार्कोस समुद्री अभियानों, Amphibious wÔrfÔre और आतंकवाद-रोधी गतिविधियों में माहिर है। उनका प्रशिक्षण दुनिया में सबसे कठिन में से एक माना जाता है, जिसमें गहरे समुद्र में गोताखोरी से लेकर करीबी मुकाबले तक के कौशल शामिल हैं। वहीं, इंडियन एयर फोर्स की स्पेशल यूनिट गरुड़ स्पेशल फोर्सेस युद्ध खोज और बचाव, आतंकवाद-रोधी अभियान और हवाई अड्डों की सुरक्षा जैसे मिशनों को पूरा करती है। भारतीय सेना की प्रमुख इकाई पैरा एसएफ diverse terrains-रेगिस्तान से लेकर पहाड़ों तक-में ऑपरेशन को सफलतापूर्वक करने में सक्षम है।

Oi Defence

हथियारों लेकर नई पसंद

भारतीय स्पेशल फोर्सेस में हथियारों का इतिहास समृद्ध और विकसित रहा है। 1990 के दशक से




पहले, इन इकाइयों में रछफ बैटल राइफल्स और अङ सीरीज की अलग-अलग हथियारों का इस्तेमाल किया जाता है। 1990 के दशक में Vz.58 को अपनाना एक बड़ा बदलाव था। वहीं, 1980 के दशक में स्टायर AUG भारत का पहला बुलपप हथियार बना। इसके बार-बार बदलने वाले बैरल और बुलपप कॉनफि गरेशन ने बाद में INSAS राइफलों के विकास को प्रभावित किया और भारत की भविष्य की प्राथमिकताओं को दिशा दी।

भारत और इजराइल की साझेदारी

इजराइली इंजीनियरिंग का उत्पाद, IWI Tavor, एक दशक से भी पहले भारतीय स्पेशल फोर्सेस को दी गई थी। Tavor के विकास में भारत की भागीदारी, भले ही क्लासिफाइड हो, लेकिन यह दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के लिए बेहतर विकल्प है। प्रारंभ में, स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (SFF) और पैरा एसएफ में Tavor की शुरूआत चुनौतियों से भरी रही, लेकिन बाद के सुधारों ने इसे एक विश्वसनीय हथियार बना दिया।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR

## पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस एवं बढ़नी के बीच चलाएगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा दिवाली एवं छठ पूजा के त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं बढ़नी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है:

1. ट्रेन संख्या 05034/05033 बांद्रा टर्मिनस – बढ़नी साप्ताहिक स्पेशल [16 फेरे]

ट्रेन संख्या 05034 बांद्रा टर्मिनस–बढ़नी साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार बांद्रा टर्मिनस से 09:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22:15 बजे बढ़नी पहुँचेगी। यह ट्रेन 11 अक्टूबर से 29 नवंबर, 2025 तक चलेगी।



जन-जन की समृद्धि एवं खुशहाली हेतु प्रतिबद्ध उ.प्र. सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए।

# प्रदेश की शिल्प विरासत को संजोए फिक्की फ्लो का दो दिवसीय कारीगर मेला 2025 शुरू

लखनऊ । फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने आज गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर खादी ग्राम उद्योग भवन, डाली बाग में कारीगर मेला 2025 का आयोजन किया। इस मेले में देश एवं प्रदेश की विविध शिल्प परंपराओं का प्रदर्शन किया गया। और यहाँ देश भर के कारीगर अपनी कृतियों को प्रदर्शित और विक्रय करने के लिए एक साथ आए।

आगंतुकों ने अमेठी के मूंज उत्पाद, कन्नौज की सुगंध, अवधी चांदी के जूते, मधुबनी कला, उत्सव के उपहार, आभूषण, क्रोशिया, हड्डी की नक्काशी, कांच के बने पदार्थ और जीवनशैली उत्पादों को खूब सराहा।



प्रत्येक वस्तु कालातीत कलात्मकता और स्थायी जीवन शैली को दशार्ती है।

इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिससे यह पुष्टि हुई कि हस्तनिर्मित, टिकाऊ और प्रामाणिक उत्पाद आधुनिक जीवनशैली को प्रेरित करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग व एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिक्की फ्लो इस मेले के आयोजन के माध्यम से प्रदेश के कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके , के लिए प्रयास करता है। हमारे प्रदेश में हस्त निर्मित स्वदेशी उत्पाद विशेष कर बुनकर अपनी कलाओं का इस तरह के आयोजन में प्रदर्शन करते हैं जहां उन्हें प्रोत्साहन मिलता है।

कारीगर मेले के बारे में बताते हुए फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल कहा कि इस मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को बाजार से कहीं बढ़कर पहचान मिले और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान किया जाए और भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोया जाए। अदिति जग्गी और रिया पंजाबी इवेंट चेयर थीं।

फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रमुख स्वाति वर्मा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन आरुषि टंडन, विभा अग्रवाल व फ्लो समिति की सदस्य सिमरन साहनी,देवांशी सेठ,स्मृति गर्ग, शमा गुप्ता ,भावना अनिमेष और वनिता यादव सहित फ्लो के 150 से अधिक सदस्य मौजूद थे।

## बाजार खाला में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी कार्यक्रम की सराहना की

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा अवध क्षेत्र द्वारा रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी थे। कार्यक्रम के उप मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह के सुपुत्र नीरज सिंह थे।कार्यक्रम की संयोजक फरहा रिजवी तथा सह संयोजक ऐनुद्दीन अहमद थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुहम्मद नईम ने की।

रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया, भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो नेताओं तथा कार्यकताओं ने पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना



योगदान किया। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने ऐसे कार्यक्रम करने के लिये आयोजकों का आभार व्यक्त किया। ऐसे कार्यक्रम और क्षेत्र के लोगों को आयोजित करना चाहिए ताकि जनता को फायदा मिल सके। कार्यक्रम की संयोजक फरहा रिजवी ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का हृदय से आभार। कार्यक्रम को सफल बनाने में निहारिका श्रीवास्तव, सलमान अहमद, आनंद त्रिवेदी, मोहम्मद नईम तथा राजेन्द्र प्रसाद का विशेष योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन उबैद अली ने किया।

## टीम लखनऊ से पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ने की मुलाकात

### हरभजन सिंह ने टीम लखनऊ को किया सैल्यूट,बाढ़ पीड़ितों की सेवा को सराहा
### टीम लखनऊ मानवता की जीती-जागती मिसाल है:हरभजन सिंह

लखनऊ/अमृतसर।पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में एक सप्ताह तक निस्वार्थ सेवा देने वाली 'टीम लखनऊ' को आज राज्य के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ने दिल से धन्यवाद दिया। हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना होने से ठीक पहले, मंत्री ने टीम के सदस्यों से मुलाकात की और उनके जज्बे की जमकर सराहना की।लोक निर्माण मंत्री से भेंट करने वालों में टीम लखनऊ के लीडर,मुर्तजा अली,संयुक्त संस्थापक सदस्य कुदरत उल्लाह खान,मीडिया प्रभारी अब्दुल वहीद,जसबीर सिंह गांधी,इरफान शेख,शाहबाज खान आदि शामिल थे।

भेंट के दौरान टीम लीडर मुर्तजा




अली ने मंत्री को अमृतसर और आसपास के गाँवों में चलाए गए व्यापक राहत अभियान की पूरी जानकारी दी।लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह टीम के अथक प्रयासों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उन्हें 'मानवता की जीती-जागती मिसाल' बताया। उन्होंने कहा, "आप लोगों ने जो सेवा की है, उसे पंजाब कभी नहीं भूलेगा।"टीम लखनऊ ने अपने सफल राहत अभियान के लिए सभी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह और माया फाउंडेशन की अध्यक्ष सौम्या भट्ट जी का नाम लिया, जिन्होंने पंजाब सरकार के साथ जरूरी समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

पंजाब से विदा होते समय,टीम ने भारतीय सेना के कर्नल राकेश कुमार जी और उनकी टीम को भी विशेष धन्यवाद दिया। कर्नल और उनकी टीम की मदद से ही राहत सामग्री सुरक्षित और समय पर पंजाब बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई जा सकी।

टीम लखनऊ ने दिखा दिया कि जब इंसानियत की बात आती है, तो सीमाओं के मायने नहीं होते।उनकी यह सेवा देश भर में जनसेवा के लिए एक प्रेरणा बन गई है।

## आंबलियासन-विजापुर गेज परिवर्तन कार्य अंतिम चरण में आम जनता से रेल पटरी से दूर रहने की अपील

पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल पर आंबलियासन से विजापुर के बीच 41.5 किमी लंबी रेल लाइन का गेज परिवर्तन (ऋ़ड) का कार्य वर्तमान में अंतिम चरण में है। इस संबंध में आम जनता से आग्रह है कि वे रेलवे ट्रैक के पास अनावश्यक रूप से न जाएँ और पूरी सावधानी बरतें।

इस समय इस लाइन पर विभागीय ट्रेनें, टेंपिंग मशीनें और अन्य तकनीकी मशीनें ट्रैक पर कार्यरत हैं। आगामी दिनों में इस ट्रैक पर तीव्र गति से ट्रेन का स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। यह ट्रायल रेल परिचालन शुरू करने से पहले की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्थानीय निवासियों, किसानों और राहगीरों से निवेदन है कि वे रेलवे लाइन को अनधिकृत स्थानों से पार न करें। बच्चों और पशुओं को ट्रैक से दूर रखें और किसी भी प्रकार की असावधानी से बचें।

यह रेल लाइन क्षेत्र के लोगों की सुविधा और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए सभी से सहयोग की अपेक्षा है ताकि यह कार्य सुरक्षित और सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

## रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

### पश्चिम रेलवे का माहिम एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन जम्बो ब्लॉक

मुंबई, रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार, 04/05 अक्टूबर, 2025 की मध्यरात्रि को माहिम एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर 01.00 बजे से 04.30 बजे तक 3.5 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के दौरान डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनें मुंबई सेंट्रल एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइनों पर चलायी जायेंगी। ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महालक्ष्मी, प्रभादेवी एवं माटुंगा रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण इन ट्रेनों को लोअर परेल, माहिम एवं खार रोड स्टेशनों पर डबल हॉल्ट दिया जायेगा। इसी प्रकार, अप धीमी लाइन की ट्रेनें सांताक्रुज से मुंबई सेंट्रल/चर्चगेट के बीच अप फास्ट लाइन पर चलायी जायेंगी, जो खार रोड स्टेशन पर डबल हॉल्ट लेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल एवं महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त ब्लॉक व्यवस्था को ध्यान में रखें।

अतः रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 को पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

# बलरामपुर अस्पताल में महात्मा गांधी को अर्पित किये श्रद्धासुमन

### -पौधा रोपण में निदेशक, सीएमएस और एम एस ने लिया भाग
### -वरिष्ठ फार्मासिस्ट अजय पांडेय ने सफाई अभियान की शुरूआत की

लखनऊ। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती अवसर पर बृहस्पतिवार को बलरामपुर अस्पताल में एक तरफ जहां पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया तो दूसरी तरफ सफाई अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त अस्पताल की निदेशक डा. कविता आर्या, सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी और एमएस डा. देवाशीष शुक्ला और वरिष्ठ फार्मासिस्ट अजय पांडेय ने पौधा लगाकर प्रकृति



संरक्षण का संदेश दिया। निदेशक डा. कविता आर्या ने विजयदशमी की शुभकामना देते हुए कहा कि आज सेवा पखवाड़ा का भी समापन हो रहा है। इस दौरान रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सा शिविर आदि कई कार्यक्रम हुए हैं। सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है। इस अवसर पर सभी डाक्टर और कर्मचारियों ने दोनों विभूतियों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये हैं। एम एस डा. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से आज पौधारोपण किया जाना बेहतर जरूरी है। अस्पताल में ओल्ड स्पेशल वार्ड के पास आम, नीम, आंवला, पीपल आदि के कई पौधे लगाये गये हैं। पौधारोपण का यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। वरिष्ठ फार्मासिस्ट अजय पांडेय ने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भी अपना श्रमदान किया।

# मारिफत-ए-अखलाक-ए-रसूल पर सेमिनार, बाबुल इल्म लाइब्रेरी जामा मस्जिद ठाकुरगंज में आयोजित

लखनऊ बज्म-ए-नहजुल फलाह, मुफ़्तीगंज के तत्वावधान में बाबुल इल्म लाइब्रेरी, जामा मस्जिद तहसीन गंज में 'मारिफत-ए-अखलाक-ए-रसूल' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई। बच्चों ने नातिया अशआर और सलाम पेश कर कार्यक्रम को रोशन किया।

मुख्य अतिथि वक्ताओं में मौलाना नजर अब्बास, मौलाना अहमद अली जैदी, डॉ. नजर सब्तैन और डॉ. बाकि र इमाम शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ का अखलाक पूरी इंसानियत के लिए बेहतरीन उस्वा है। आपने इंसाफ, बराबरी, रहमत और इंसान दोस्ती की ऐसी मिसालें पेश कीं जो आज भी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं।



मौलाना नजर अब्बास ने कहा कि आज के दौर में अमन और सुकून सिर्फ. तभी हासिल हो सकता है जब हम सीरत-ए-नबी स.अ को अपनाएँ। मौलाना अहमद अली जैदी ने युवाओं को रसूल के अखलाक से परिचित कराने की जरूरत पर बल दिया। डॉ. नजर सब्तैन ने कहा कि नबी स.अ का पैगाम आलमी है जो हर मजहब और कौम के लिए रोशनी का मिनार है। वहीं डॉ. बाकि र इमाम ने कहा कि रसूल-ए-अकरम स.अ ने हमेशा नर्मी, मोहब्बत और हुस्ने-अखलाक से दिल जीतने का पैगाम दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के उलमा, छात्र और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी प्रोग्राम में आए हुए लोगों का सईद हसन ने शुक्रिया अदा किया

## पुलिस प्रशासन के सहयोग से अमन और चैन में गूँजी इबादत की,

लखनऊ। गंगा-जमुनी तहजीब की नगरी लखनऊ ने एक बार फिर साम्प्रदायिक सद्भाव की उत्कृष्ट मिसाल पेश की है। शहर के दो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल, बड़ा इमामबाड़ा और टीले वाली मस्जिद, पर आयोजित नमाज के दौरान उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इसे शांतिपूर्ण और कुशल तरीके से संपन्न कराया गया।

इस सफलता का श्रेय सीधे तौर पर पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों के कुशल नेतृत्व और समर्पित प्रयास को जाता है।

कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में, क्षीमान संयुक्त आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन में, एक अचूक रणनीति तैयार की गई। इस रणनीति को धरातल पर उतारने में श्रीमान पुलिस



उपायुक्त पश्चिम महोदय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने अग्रिम मोर्चे पर मोर्चा संभाला।

उनके साथ, एडीसीपी पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त (चौंक), सहायक पुलिस आयुक्त (ठाकुरगंज), और समस्त पुलिस बल ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। पुलिस अधिकारियों की यह टीम न केवल सुरक्षा के प्रति सजग रही, बल्कि उन्होंने आमजन के साथ बेहतर समन्वय भी स्थापित किया, जिससे माहौल में विश्वास और सौहार्द बना रहा।

यह आयोजन मात्र एक सुरक्षा व्यवस्था नहीं था, बल्कि यह पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग का प्रतीक बन गया। पुलिस बल की सक्रियता और संवेदनशीलता ने सुनिश्चित किया कि हजारों नमाजियों को किसी भी असुविधा या बाधा का सामना न करना पड़े।

बड़ा इमामबाड़ा और टीले वाली मस्जिद पर उमड़े जनसैलाब ने शांति और अनुशासन का परिचय दिया। पुलिस प्रशासन ने अपनी मुस्तैदी से यह सुनिश्चित किया कि धार्मिक अनुष्ठान बिना किसी अप्रिय घटना के, सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

यह सफल संचालन सिद्ध करता है कि लखनऊ का प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनभावनाओं का सम्मान करने और सांस्कृतिक मेल-जोल को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह घटना शहर की सकारात्मक छवि को और मजबूत करती है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा 2025 अभियान की शुरूआत

मुंबई, भारतीय रेल स्टेशनों, कार्यालयों, कारखानों और ट्रेनों में सफाई, स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 1 से 15 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा 2025 मना रही है। इसी दिशा में, पश्चिम रेलवे ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान 2025 शुरू किया है, जिसके अंतर्गत कर्मचारियों, यात्रियों और स्थानीय समुदायों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए नवीन गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। इस अभियान का उद्घाटन पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में किया, जहाँ उन्होंने स्वच्छता शपथ दिलाई। महाप्रबंधक और अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भी स्वच्छता शपथ बोर्ड पर हस्ताक्षर किए।



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता, पश्चिम रेलवे मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वच्छता शपथ दिलाते हुए।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यालय और मंडल कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहले दिन स्वच्छता शपथ ली। जागरूकता रैलियाँ, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, स्वयंसेवकों द्वारा संचालित श्रमदान और वृक्षारोपण अभियान जैसी गतिविधियाँ उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं।

दूसरे दिन, महात्मा गांधी जयंती और स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर, स्टेशन परिसरों, रेलवे कॉलोनियों और ट्रैक क्षेत्रों में सफाई और जागरूकता गतिविधियाँ जारी रहीं। गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से यात्रियों और स्थानीय समुदायों को स्वच्छता शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पश्चिम रेलवे ने पखवाड़े से पहले स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस-2025) अभियान भी चलाया, जिसमें सफाई अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य और सुरक्षा शिविर, मैराथन, साइक्लोथॉन, युवा जुड़ाव कार्यक्रम, वेस्ट-टू-आर्ट परियोजनाएं, शून्य-अपशिष्ट समारोह और घर-घर जागरूकता अभियान शामिल थे।

ये प्रयास स्वच्छ भारत मिशन के प्रति पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं तथा इसके नेटवर्क में स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ समुदायों का निर्माण करते हैं।

## 5200 वर्ष बाद भगवान श्रीकृष्ण-बलराम शिक्षा यात्रा मथुरा से जाएगी उज्जैन : मथुरा में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्र

### -उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के तीर्थ पुरोहित और धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिन्दू परिषद के होंगे पदाधिकारी शामिल

मथुरा (जीएनएस)। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ के द्वारा आज मथुरा नगर में विशाल श्रीकृष्णबलराम की शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए शोभायात्रा के मुख्य संयोजक ब्रजभक्त आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने बताया कि 5200 वर्ष में पहली बार भगवान श्री कृष्णा और बलराम जी उनकी जन्म भूमि मथुरापुरी से विद्या अध्ययन के लिए महर्षि संदीपन मुनि के आश्रम उज्जैन जा रहे हैं। उनके स्वागत और दर्शन के लिए मथुरापुरी में आज शाम 3 बजे श्रीजी बाबा आश्रम भूतेश्वर से भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी सनातन प्रेमी, धर्मस्वावलंबी, भगवान के भक्तों से आ'ान करते हुए कहा कि इस अद्भुत शोभायात्रा में ठाकुरजी के दर्शन करने का लाभ अवश्य लें। यात्रा में तीर्थ पुरोहित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी और राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र चतुर्वेदी (उज्जैन) भी शामिल होंगे। शोभायात्रा में आचार्य लालजीभाई शास्त्री, पंडित अमित भारद्वाज, पंडित मुरारीलाल उपाध्याय, आचार्य पंकज शास्त्री और पंडित यज्ञदत्त चतुर्वेदी शास्त्री सह संयोजक होंगे। बताया कि शोभायात्रा श्रीजी बाबा आश्रम से डीगगेट, मंडी रामदास, चौक बाजार, स्वामीघाट और द्वारकाधीश मंदिर से विश्राम घाट होते हुए राजा घाट पर विश्राम लेगी।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' विजन को साकार कर रहा है गुजरात

**सूरत में 202 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा पीएम एकता मॉल, स्वदेशी उत्पादों एवं स्थानीय कारीगरों को मिलेगा बढ़ावा**

**पीएम एकता मॉल : ओडीओपी, जीआई-टैग श्रेणी की वस्तुओं और देश के प्रत्येक कोने से पारंपरिक हस्तकला को प्रदर्शित करने का एक राष्ट्रीय मंच**

गांधीनगर, 03 अक्टूबर : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन देने और स्वदेशी उत्पादों को समर्थन देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' विजन पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात इस विजन



को सार्थक करने के लिए उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। इस पहल के अंतर्गत, सूरत में 202 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक पीएम एकता मॉल का निर्माण हो रहा है। एकता मॉल का निर्माण 2023-24 के केंद्रीय बजट में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने के राष्ट्र व्यापी अभियान का एक हिस्सा है।

सूरत का पीएम एकता मॉल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को प्रदान करेगा नए अवसर

प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम को लगातार आगे बढ़ाते हुए नागरिकों से भारतीय में निर्मित वस्तुओं और सेवाओं को समर्थन देने का अनुरोध किया है। सूरत में निमार्णाधीन पीएम एकता मॉल इस मुहिम को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल एक 'जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी), भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग श्रेणी की वस्तुओं और देश के हरेक कोने से पारंपरिक हस्तकला को प्रदर्शित करने का एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

# बलरामपुर चिकित्सालय के सुपरवाइजर पर वशूली का आरोप

**वार्ड ब्वॉय को सुरक्षाकर्मी के पद पर तैनाती की धमकी, 40 हजार वसूले**

**शिकायत के बाद बलरामपुर अस्पताल प्रशासन ने जांच बिठाई आरोपी आउटसोर्सिंग सुपरवाइजर को पद से हटाया**

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान किया जा रहा है। वार्ड ब्वॉय पद पर तैनात कर्मचारियों को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। आरोपी आउटसोर्स सुपरवाइजर को पद से हटा दिया गया है।

अस्पताल में 756 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। प्रतिदिन पांच से सात हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी भी अस्पताल में तैनात हैं। लेकिन इन कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। वार्ड ब्वॉय के पद पर तैनात प्रमोद कुमार वाजपेई का आरोप है कि आउटसोर्स कंपनी की तरफ से तैनात एक सुपर वाइजर मुकेश जोशी व गजानंद मिश्र परेशान कर रहे हैं।

40 हजार दो वरना पद बदल दूंगा

प्रमोद वाजपेई का आरोप है कि सुपरवाइजर मुकेश जोशी ने कहा कि 40 हजार घूस दो वरना तुम्हे वार्ड ब्वॉय के पद से हटा दिया जाएगा। उसके स्थान पर सुरक्षाकर्मी के पद पर तैनाती दी जाएगी। शिकायकर्ता का आरोप है कि सुपरवाइजर के दबाव में मैंने 40 हजार रुपए दिए। जबकि अस्पताल में वर्ष 2012 से आउटसोर्सिंग कंपनी की तरफ से वार्ड ब्वॉय के पद ही कार्यरत हूं। पीड़ित ने आरोपी से 40 हजार रुपये वापस दिलाने व कठोर कार्रवाई की फरियाद की है।

जांच के आदेश

शिकायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। मामला गंभीर है। इसकी जांच कराई जा रही है। फिलहाल आरोपी सुपरवाइजर को पद से हटा दिया गया है। ताकि निष्पक्ष जांच कराई जा सके। जांच में दोषी मिलने पर जिम्मेदार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कर्मचारी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा।

# मिशन शक्ति अभियान को निरंतर गति दे रही हाईवे पुलिस : मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर महिला और बालिकाओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

मथुरा (जीएनएस)। प्रदेश सरकार के आदेश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान को हाईवे पुलिस निरंतर गति दे रही है। जानकारी के अनुसार एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी हाईवे शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता के लिए प्रत्येक दिन विभिन्न स्थानों पर अभियान चला रही है। इसीक्रम में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने ग्राम पंचायत उस्फार में चौपाल लगाकर महिला और बालिकाओं के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान का उद्देश्य महिला और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। इसी के साथ मिशन शक्ति टीम ने चौपाल में उपस्थित महिला और बालिकाओं के



साथ सीधा संवाद स्थापित करके उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। वहीं महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण, डिजिटल अरेस्टिंग और झूठी अफवाहों से बचाव के लिए जागरूक किया। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम के प्रति सतर्कता एवं बचाव के उपाय बताए। जागरूकता अभियान के दौरान सरकारी योजना और कार्यक्रम, सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा कन्या सुमंगला आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी के साथ बाल कल्याण कार्यक्रम और बच्चों के अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम ने चौपाल में बाल मजदूरी रोकने के साथ ही बच्चों की शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। इस बीच मिशन शक्ति टीम ने हेल्पलाइन नंबर, 1090-वूमेन पावर लाइन, महिलाओं की त्वरित सहायता के लिए, 1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायत के लिए, 108-एंबुलेंस सेवा आपातकालीन चिकित्सा सहायता, 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा तत्काल पुलिस सहायता, 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए के लिए बताया गया। इसी के साथ मिशन शक्ति टीम ने जन चौपाल में उपस्थित महिला एवं बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। अभियान के दौरान सरकारी दिशा-निदेर्शों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग उक्त योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों का लाभ उठा सकें।

# ब्रजमंडल क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन : भगवान श्रीराम ने बुराई का अंत करने के लिए किया था रावण का वध

मथुरा (जीएनएस)। गोवर्धन विधानसभा के गांव छोटी आटस में ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के गौर घार के अध्यक्ष ठाकुर भरत सिंह गौर के यहां दशहरा के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करके की। इस अवसर पर सभी अतिथियों के साथ गांव की सरदारी ने शस्त्रों का पूजन किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठा. मुकेश सिंह सिकरवार ने



कहा कि आज का पावन पर्व बुराई पर अच्छाई का पर्व है। कहा कि आज के ही दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था और लंका को पराजित किया था। वहीं सपा के प्रदेश सचिव ठाकुर किशोर सिंह ने कहा की आज के दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और सभी को सिखाया था कि कोई कितना भी ज्ञानी या धनवान हो लेकिन वह गलत कृत्य करता है तो उसका परिणाम उसको भुगतना पड़ता है, जो कि रावण ने भुगता भी था। कहा कि रावण कोई साधारण व्यक्ति नहीं था, वह सबसे बड़ा शिव भक्त, बहुत धनवान, शक्तिशाली और ज्ञानी व्यक्ति था लेकिन उसने गलत कार्य किए तो उसको यह सजा मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौमुहां नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कारे बाबा और संचालन विजय सिंह राजपूत ने किया। इस मौके पर ठाकुर थान सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ठाकुर राकेश सिंह, थाना प्रभारी जैंत, प्रधान ठाकुर नेत्रपाल सिंह, डा. जगदीश सिंह गौर, वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर राजकुमार सिंह तोमर, ठाकुर विष्णु पहलवान, ठाकुर दिवाकर सिंह, ठाकुर धनीराम सिंह, प्रहलाद फौजी, ठाकुर मनीष सिंह, गोकुल प्रधान, ऋतिक सिसौंदिया, अखिलेश सिसौंदिया, देव सिकरवार और मनोज ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# एलडीए की सीक्रेट डीलिंग, सीलिंग अब रुकावट नहीं, बल्कि डीलिंग का रेट-कार्ड

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण का जलवा कुछ और ही है! गांधी जयंती के दिन, जब देश सत्य और अहिंसा की माला जप रहा था, बिल्डर जेई अंगद, ने ऐसी लंका लगा दी कि शर्म भी शरमा जाए। सीलिंग बिल्डिंगों पर निर्माण का तांडव चल रहा है, और तुम्हारे कथित नैतिक अधिकारी तमाशबीन बने ताली पीट रहे हैं। सीलिंग का मतलब अब रुकावट नहीं, बल्कि डीलिंग का रेट-कार्ड हो गया है! मंण्डलायुक्त ने जनता दरबार में गुस्सा क्या दिखाया, एलडीए के अवर अभियन्त ने उसे स्टैंड-अप कॉमेडी समझ लिया। आदेश? वो तो बस कागजी शेर हैं, जो फाइलों में दहाड़ते हैं, लेकिन हकीकत में सीलिंग बिल्डिंगों पर ईंटें जोड़ी जा रही हैं, मानो लखनऊ नहीं, कोई जंगलराज हो। और इस नौटंकी का डायरेक्टर? अंगद सुनते हैं, जोन-6 अमीनाबाद क्षेत्र के गुईन रोड पर स्थित निर्माण को पूर्व अभियंता दीक्षित ने सील किया था। वर्तमान अवर अभियंता अंगद, जिनके राज में बिल्डरों को ऐसी छूट मिली है, जैसे





लखनऊ उनकी बपौती हो। जब दीवारें बोलती हैं, तो वो ईमानदारी की नहीं, जेबों की गर्माहट की कहानी सुनाती हैं। एलडीए के इन महान अधिकारियों की नजरें तब तक बंद रहती हैं, जब तक नोटों की गड्डी आंखों के सामने न लहराए। तब ये कागजी योद्धा ध्वस्तीकरण का ढोल पीटकर वाहवाही लूटेंगे, लेकिन तब तक बिल्डर माल बेचकर मालामाल हो चुका होगा। ऐसे में सवाल यह है कि लाखों की तनख्वाह लेने वाले ये जोनल अधिकारी व सहायक और अवर अभियन्त आखिर किसके लिए काम कर रहे हैं? मुख्यमंत्री की छवि चमकाने के लिए, या भ्रष्टाचार की गंगा में गोते लगाने के लिए?

# महिला रामलीला समिति ने आयोजित की रामलीला, सभी पात्र महिला कलाकारों ने निभाए

लखनऊ, 3 अक्टूबर 2025 झ सुशांत गोल्फ सिटी स्थित चंद्रा पैनोरमा में दशहरे के अवसर पर महिला रामलीला समिति ने एक अनूठी और भव्य रामलीला का आयोजन किया।

इस विशेष प्रस्तुति में सभी प्रमुख पात्र महिलाओं द्वारा निभाए गए — श्रीराम बनीं श्रीमती रोहिणी सिंह, सीता बनीं श्रीमती रूपल गुप्ता, लक्ष्मण की भूमिका में श्रीमती रचना शर्मा, हनुमान बनीं श्रीमती मेघा शिवहरे, परशुराम के



रूप में डॉ. स्वाति गुप्ता, रावण की भूमिका में श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव, तो वहीं भरत के रूप में श्रीमती किरण शर्मा और दशरथ के रूप में श्रीमती अनु तिवारी मंच पर उतरीं।

अन्य पात्रों में नंदिता विश्वकर्मा (मेघनाथ), मिनी दीक्षित (मंथरा), शालिनी मिश्रा (राजा जनक) और वंदनापाल (शूर्पणखा) ने अपनी अदाकारी से समां बाँध दिया। बाल कलाकारों ने भी प्रस्तुति को और जीवंत बना दिया।

रामलीला का लेखन एवं संचालन श्रीमती गीतिका तिवारी और निर्देशन श्रीमती किरण शर्मा ने किया।

महिला कलाकारों की इस सामूहिक प्रस्तुति ने समाज को सशक्त संदेश दिया कि महिलाएँ परंपरा, संस्कृति और नेतृत्व — हर क्षेत्र मे

# दीपक कुमार बने 'चेंज मेकर' सह जमशेदपुर सीटी एम्बेसडर

जमशेदपुर : जमशेदपुर के फिटनेस उत्साही धावक दीपक कुमार को अंतरराष्ट्रीय संस्था WRRIC AROKKIYAM FOUNDATION ने 'चेंज मेकर' (Change Maker) बनने के लिए आमंत्रित किया है।

संस्था के संस्थापक एवं निदेशक अपू दास ने पत्र भेजकर कहा कि दीपक कुमार की सक्रियता और समाज के लिए स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ा योगदान संगठन के लिए प्रेरणादायक है। उनका जुड़ाव 'StÔy Healthy Always' (हमेशा स्वस्थ रहें) संदेश को विश्वभर में पहुँचाने में सहायक होगा।

फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'WÔlk Run Ride in Celebration (WRRIC)' कार्यक्रम ने बीते तीन वर्षों में वैश्विक पहचान बनाई है। बताते चलें कि विगत वर्ष आयोजित कार्यक्रम में दुनिया भर




के 47 देशों के हजारों प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया था। इस बार यह आयोजन 12 से 18 अक्तूबर तक आयोजित होगा। जिसमें दुनिया भर के टॉप 56 प्रतिभागियों को ट्राफी तथा ई सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा जबकि टॉप 500 प्रतिभागियों को फिनिशर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

निदेशक अपू दास ने कहा कि अब संस्था एक स्थायी टीम बना रही है, जिसमें दीपक कुमार जैसे व्यक्तित्व रणनीति, समुदायिक सहयोग और स्वास्थ्य अभियानों को नई दिशा देंगे।

यह जिम्मेदारी मानद (Honorary) होगी और संस्था का मानना है कि दीपक कुमार की भागीदारी से फिटनेस एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठेगा।

# अपराध निरोधक समिति प्रयागराज के वार्षिक अधिवेशन पर कैदियों को फल व मिष्ठान वितरित किए गए।

प्रयागराजः महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज का वार्षिक अधिवेशन 02, अक्टूबर, 2025 को आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मुट्ठीगंज, प्रयागराज में बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने की, मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ जेल अधीक्षक, केंद्रीय कारागार नैनी, विजय विक्रम सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर एवं समिति के वाइस चेयरमैन उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी, पंकज कुमार जायसवाल (चेयरपर्सन आर्यकन्या शिक्षक ग्रुप), अनुराग पांडे (वाइस चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश), अजय कुमार गिरी (सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक), राकेश चौरसिया (अधीक्षक, बाल सुधार गृह, खुल्दाबाद), आर.एस. वर्मा (पूर्व (कोषाध्यक्ष समिति) लक्ष्मीकांत मिश्रा विधि प्रकोष्ठ प्रभारी, आलोक सिंह





मंडल आयुक्त), राकेश द्विवेदी अनिल कुमार सिंह प्रेम शंकर गुप्ता अलीगढ़ आशीष सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विजय विक्रम सिंह ने समिति की गतिविधियों को समाजोपयोगी बताते हुए कहा कि- निस्वार्थ भाव से किए जा रहे इन कार्यों का कोई मूल्यांकन नहीं है। मैं समिति के साथ हरसंभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर हूँ। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा- मैं गौरवान्वित हूँ कि इस समिति का हिस्सा हूँ, जो शासन-प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनकल्याण की योजनाओं को समाज तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अनुराग पांडे ने कानूनी सहायता निशुल्क उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जबकि अजय कुमार गिरी ने समिति के शिक्षा एवं जागरूकता क्षेत्र में योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में जादूगर नागेंद्र प्रताप सिंह ने नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया और सभी को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई। इसी क्रम में शोएब आलम जनसंपर्क अधिकारी प्रदेश के द्वारा आयोजन में विशेष जलपान व्यवस्था के साथ-साथ जेल में किए गए फल मिष्ठान इत्यादि की व्यवस्था करते हुए केंद्रीय कारागार नैनी में वरिष्ठ अधीक्षक विजय विक्रम सिंह एवं डिप्टी जेलर के.पी. सिंह के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों द्वारा कैदियों को फल व मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर अजीत कुमार सिन्हा, वी के श्रीवास्तव अनंत अग्रवाल, सुभाष चंद्र कक्कड़, आयुष जायसवाल, सुभाष चंद्र जायसवाल, रामबाबू सिंह, मोहम्मद आफताब, हरिशंकर यादव, सुधीर प्रजापति, रामसजीवन, अजय कुमार, अंकित सिंह, रामरूप, अर्जुन सिंह, संजय शुक्ला, संजय उपाध्याय, राजेश खन्ना, राकेश निषाद, संदीप सोनी, रूपेश जैन, मोहम्मद जावेद, कयामुद्दीन, वकार अहमद अंसारी, मोहम्मद रफी, निशिकांत श्रीवास्तव, हिंछ लाल, शकील अहमद खान, श्रवण कुमार गौड़, आर.ए. फारुकी, राकेश शर्मा अजय सिंह, प्रेमचंद सोनकर, फैजानुद्दीन अंसारी, अभिषेक वर्मा, विशाल श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, कुलदीपधर, शिवकुमार शुक्ला, कमलेश त्रिपाठी, निहाल अहमद, अनुपम विश्वकर्मा, अभी श्रीवास्तव आदि समिति पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। महिला प्रकोष्ठ से उषा सिंह, मंजू रानी पांडे, सुधा गौड़, सोनिका केसरी अपनी अधीनस्थ टीमों के साथ विशेष योगदान देती रहीं। अधिवेशन के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और प्रशासनिक सहयोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 255 पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी (उपाध्यक्ष समिति) एवं संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदेश चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# ड्राई-डे पर अवैध शराब बेचने वाले तस्कर को पुलिस ने पकड़ा : अवैध शराब बरामद

आगरा। (जीएनएस)। थाना एत्मादपुर क्षेत्र में ड्राई-डे पर अवैध शराब बेच रहे एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी एत्मादपुर आलोक कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों और अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाए हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ड्राई-डे पर शराब की दुकानें होने पर एक तस्कर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह पुलिस टीम में कस्बा




चौकी प्रभारी दीपक खोखर, एसआई अकिंत शर्मा और आरक्षी अभिनय कुमार आदि के साथ सतौली रोड़ पहुंच गए। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर भागने लगा। पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे शराब तस्कर शिवा पुत्र मुकेश निवासी किराए का मकान पुरानी माता का मंदिर के पास नराइच थाना एत्माद्दौला, आगरा को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के कब्जे से चंडीगढ़ निर्मित अवैध विदेशी मदिरा की 8 बोतल और 11 हॉफ बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया है।

## नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

लखनऊ। गोमती नगर स्थित विपुल खंड में शुक्रवार सुबह नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने स्वच्छता व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की सफाई और रोड स्वीपिंग व्यवस्था की बारीकी से जांच की। इस कार्य में लॉयन एनवायरो और लखनऊ स्वच्छता अभियान दोनों संस्थाओं की जिम्मेदारी तय की गई थी। नगर आयुक्त ने मौके पर जाकर रोड स्वीपिंग कार्यों की गुणवत्ता का आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सड़कों पर गंदगी व धूल पाई गई, जिस पर नगर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता तभी संभव है जब जिम्मेदार संस्थाएं पूरी गंभीरता से कार्य करें। जिन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था लापरवाह पाई गई, वहां संबंधित संस्थाओं पर जुमार्ना भी लगाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा लखनऊ स्वच्छता अभियान के ऊपर 50 हजार




रुपए का जुमार्ना लगाया है। वहीं लॉयन एनवायरो पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी शिकायतें न आएं और सफाई कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

सड़क सफाई के साथ-साथ नगर आयुक्त ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हॉर्टिकल्चर वेस्ट (पेड़-पौधों से निकला कचरा) और सीएंडडी वेस्ट (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण का मलबा) फैला हुआ पाया। इस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित विभागों को कड़ी चेतावनी दी।

सीएंडडी वेस्ट पाए जाने पर अभियंत्रण विभाग को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं, हॉर्टिकल्चर वेस्ट हटाने की जिम्मेदारी हॉर्टिकल्चर विभाग को सौंपी गई। नगर आयुक्त ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह का कचरा जमा रहना न केवल शहर की छवि को खराब करता है बल्कि स्वच्छ भारत मिशन की भावना के विपरीत भी है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहरवासियों को साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।